>

Title: Need to construct a new bridge beneath the existing golden bridge over river Narmada in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच अंतर्गत अंकलेश्वर एवं दहेज क्षेत्र में देश एवं विदेश के कई बड़े-बड़े उद्योग कार्यरत है जिसमें काम करने वाले कामगार हजारों की संख्या में नर्मदा नदी पर अंग्रेजों के जमाने से बने गोल्डन ब्रिज नामक पुल से अपने छोटे चार पहिए एवं दो पहिए के वाहनों से गुजरते हैं। पुल पर सुबह एवं शाम अत्यंत जाम हो जाने के कारण उद्योगों में काम करने वाले अधिकारी गण एवं कामगारों को अपने कार्यस्थल में पहुंचने में अक्सर देरी हो जाती है। इसी पुल से सूरत जाने वाले छोटे वाहनों को जाम में फँस जाने पर काफी दिक्कत होती है। इस पुल के नीचे एक और पुल बनाए जाने की संभावना है। अगर गोल्डन ब्रिज के नीचे एक और पुल बन जाए तो आने वाले समय में होने वाली भीषण दिक्कत का सामना करने में लोग सक्षम होंगे। यह सत्य है कि आने वाले समय पर इस पुल पर यातायात बढ़ेगा और भीषण जाम की आशंका है, अच्छा होगा कि आने वाली समस्या का निराकरण समय से पहले कर लें।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में नर्मदा नदी पर बने गोल्डन ब्रिज के नीचे एक और पुल बनाया जाए।